RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



जनता को जब है पता, जारी है हड़ताल।
कूड़ा फिर भी देखिए, रही निरंतर डाल।
रही निरंतर डाल, शौक यह कैसा लागा।
नहीं एक भी दिवस, किया है इसने नागा।
कह साहिल कविराय, दोष इसका भी बनता।
चाहे कुछ भी कहो, समझती है कब जनता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

जल्द आएंगे प्लास्टिक के नोट




VOL: 11 | ISSUE 205 | SUNDAY 02-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# बिग बेन ब्रांड की लोकप्रियता से घबराए विरोधी, फैलाई कंपनी बिकने की अफवाह: तेजविंदर सिंह

## पाकिस्तान से खाली हाथ आए पिता ने रखी थी नींव, आज बिग बेन इंडस्ट्रीज रोजाना बनाती है 35 हजार से अधिक पैडल और 30 हजार तक साइकिल सीटें, 30 देशों में होता है निर्यात

**लुधियाना को देश की साइकिल इंडस्ट्री की राजधानी कहा जाता है। यहां की कई कंपनियां आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं। इन्हीं में से एक है बिग बेन इंडस्ट्रीज, जिसने साइकिल सीट, पैडल और रिफ्लेक्टर निर्माण में अपनी अलग पहचान बनाई है। कंपनी के डायरेक्टर तेजविंदर सिंह से हुई खास बातचीत में उन्होंने कंपनी के सफर, भविष्य की योजनाओं, निर्यात, गुणवत्ता और कंपनी बिकने की अफवाहों पर खुलकर बात की।**



**बिग बेन इंडस्ट्रीज की शुरूआत कैसे हुई?**

हमारे पिता जी विभाजन के समय पाकिस्तान से खाली हाथ भारत आए थे। यहां आकर उन्होंने कड़ी मेहनत की और वर्ष 1960 में विश्वकर्मा चौक के पास सड़क किनारे लकड़ी के सांचे बनाकर साइकिल सीट तैयार करने का काम शुरू किया। धीरे-धीरे काम बढ़ता गया और वर्ष 1980 में हमने छोटे स्तर पर अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की। उस समय भारत में केवल तीन-चार प्रकार की साइकिल सीटें बनती थीं। मैंने स्वयं नई-नई सीटों की डिजाइन तैयार की। हाथों से डिजाइनिंग और डेवलपमेंट करते हुए हमने ऐसे कई मॉडल विकसित किए, जो आज भी बाजार में लोकप्रिय हैं। हमारी अधिकांश डिजाइन पेटेंट रजिस्टर्ड हैं और आज कई कंपनियां उनकी नकल भी कर रही हैं।

**वर्तमान समय में साइकिल उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या है?**

वैश्विक व्यापार नीतियों और टैरिफ का असर उद्योग पर पड़ता है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव का प्रभाव पूरी दुनिया के कारोबार पर देखने को मिलता है। हालांकि भारत के लिए यह एक अवसर भी है। यदि हम गुणवत्ता, तकनीक और नवाचार पर ध्यान दें तो दुनिया के बाजार में अपनी हिस्सेदारी काफी बढ़ा सकते हैं।

**आने वाले समय में बिग बेन इंडस्ट्रीज की क्या योजनाएं हैं?**

हम नई तकनीक और ऑटोमेशन पर लगातार निवेश कर रहे हैं। पैडल और सीट निर्माण के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं। लगभग 10 एकड़ में नई हाई-टेक फैक्ट्री तैयार की जा रही है, जिसमें आधुनिक मशीनरी और अंतरराष्ट्रीय तकनीक का उपयोग होगा। हमारा लक्ष्य विश्वस्तरीय गुणवत्ता के साथ भारत को साइकिल पार्ट्स निर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

**आपका अंतिम संदेश क्या है?**

उत्तर : मेरा मानना है कि किसी भी उद्योग की सबसे बड़ी ताकत उसकी गुणवत्ता होती है। यदि भारतीय कंपनियां गुणवत्ता, रिसर्च और नई तकनीक पर लगातार काम करें तो दुनिया के बाजार में भारत की हिस्सेदारी कई गुना बढ़ सकती है। हमारा प्रयास भी यही है कि 'मेड इन इंडिया' उत्पाद गुणवत्ता के मामले में दुनिया की पहली पसंद बनें।




**आज बिग बेन इंडस्ट्रीज किस स्तर पर पहुंच चुकी है?**

- आज हम देश के सबसे बड़े साइकिल सीट और पैडल निमार्ताओं में शामिल हैं। हमारी यूनिट में प्रतिदिन लगभग 35,800 पैडल और 25 से 30 हजार साइकिल सीटों का निर्माण होता है। देशभर में हमारे लगभग 13,400 डीलर हैं और हम लगभग 30 देशों में अपने उत्पाद निर्यात कर रहे हैं। यूरोप और अमेरिका जैसे बाजारों में भी हमारी अच्छी पहचान बन चुकी है।

**आपने रिफ्लेक्टर निर्माण की शुरूआत कैसे की?**

- वर्ष 2016 में सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के बाद बेहतर गुणवत्ता वाले रिफ्लेक्टर की मांग बढ़ी। उस समय अच्छे रिफ्लेक्टर विदेशों से आयात किए जाते थे और उनकी कीमत 70 से 80 रुपये तक होती थी। हमने भारत में आधुनिक तकनीक के साथ उनका निर्माण शुरू किया और आज वही गुणवत्ता 40 से 45 रुपये में उपलब्ध करा रहे हैं। इससे साइकिल उद्योग और ग्राहकों दोनों को लाभ मिला है।



### आज आपकी कंपनी किन प्रमुख कंपनियों के साथ काम कर रही है ?

- हम हीरो साइकिल्स, एवन साइकिल्स, डेकाथलॉन, ईस्टमैन, नवयोग, नमधारी सहित देश की लगभग सभी प्रमुख साइकिल कंपनियों के साथ जुड़े हुए हैं। हमारा उद्देश्य हर ग्राहक को अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता उपलब्ध कराना है।

### दुनिया में साइकिलों की बढ़ती मांग के बीच भारत और लुधियाना की क्या भूमिका देखते हैं ?

- लुधियाना देश की साइकिल इंडस्ट्री का सबसे बड़ा केंद्र है और यहां से दुनिया के कई देशों में साइकिल और उसके पुर्जे भेजे जाते हैं। लेकिन यदि हमें चीन जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा करनी है तो केवल उत्पादन नहीं, बल्कि गुणवत्ता और नई तकनीक पर भी विशेष ध्यान देना होगा। हाई-एंड साइकिल और उसके पार्ट्स भारत में बनने चाहिए। तभी हम वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा पाएंगे।

### बिग बेन इंडस्ट्रीज के बिकने की चर्चा अक्सर सुनने को मिलती है। इसमें कितनी सच्चाई है ?

- यह पूरी तरह से एक अफवाह है। कुछ वर्ष पहले मेरे बेटे के निधन के बाद हमने भविष्य को लेकर जरूर विचार किया था, लेकिन कंपनी बेचने का कभी कोई फैसला नहीं लिया। वर्ष 2020 के बाद तो ऐसा विचार भी नहीं आया। मेरा बेटा अमेरिका से भी कारोबार देख रहा है। हमारी कंपनी पूरी तरह प्रोफेशनल मैनेजमेंट के तहत संचालित होती है। हर विभाग का अपना प्रमुख है और पूरी टीम मिलकर काम करती है। बिग बेन हमारी पहचान है और इसे आगे बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सतवंत कौर भुल्लर को भावभीनी विदाई

लुधियाना/यूटर्न/01 अगस्त। डीएवी पब्लिक स्कूल, पाखोवाल रोड में विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. सतवंत कौर भुल्लर के सम्मान में गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों तक उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण और निस्वार्थ सेवाएं देने के बाद विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।



समारोह में विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. जोहल मुख्य अतिथि रहे, जबकि विद्यालय की प्रबंधक स्वीन पुरी और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. करमजीत सिंह अपनी पत्नी रमनदीप कौर के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर डीएवी परिवार के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, अभिभावक प्रतिनिधि तथा डॉ. भुल्लर के परिवारजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई।

# पेपर लीक के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस के इस्तीफे की मांग

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को पंजाब में कथित पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में चंडीगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के आवास की ओर मार्च करते हुए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग की और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई।



प्रदर्शन के दौरान छात्र सेक्टर-2 स्थित मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के सरकारी आवास की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने पहले से लगाए गए बैरिकेड पर उन्हें रोक लिया। बैरिकेड के पास छात्रों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी बैरिकेड पार कर आगे बढ़ गए और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के आवास की ओर जाने का प्रयास किया। बाद में वे मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दोबारा रोक दिया।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## बाल यौन शोषण सामग्री अपलोड करने वाले को उम्रकैद, पॉक्सो व आईटी एक्ट में अदालत का बड़ा फैसला

मोहाली/यूटर्न/01 अगस्त। बाल यौन शोषण से जुड़ी अश्लील सामग्री (सीएसएएम) अपलोड करने के मामले में मोहाली की अदालत ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रांत वर्मा की अदालत ने आरोपी संदीप सिंह को पॉक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट की धारा 67-बी के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माने से भी दंडित किया गया।

VOL: 11 | ISSUE 205 | SUNDAY 02-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# नामी रियल एस्टेट कंपनी सुषमा बिल्डटेक के मालिक व 2 बेटों पर FIR, 01 हिरास्त में, 10 करोड़ की ठगी का आरोप लगा एडवोकेट ने किया सुसाइड

## पुलिस ने बिल्डर आरोपियों पर शिकंजा करने को एलओसी की प्रक्रिया की शुरू

पंजाब/यूटर्न/1 अगस्त। पंजाब, चंडीगढ़ और एनसीआर के रियल एस्टेट सेक्टर की नामी कंपनी सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड पर आए दिन हेरफेर के आरोप लगते आए हैं, लेकिन अब एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें कंपनी के मालिक और उनके दो बेटों पर करीब 10 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप लगे हैं। हालांकि इस ठगी के बाद कांग्रेस पार्टी के लीडर के बेटे और बठिंडा के एडवोकेट द्वारा खुदखुशी कर ली गई।

मृतक की पहचान बठिंडा डबवाली रोड के 34 वर्षीय एडवोकेट दविंदर पाल सिंह नट्टू के रुप में हुई है। थाना बठिंडा की पुलिस ने सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड के मालिक बिंदर पाल मित्तल, उनके बेटों प्रतीक मित्तल और भारत मित्तल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा उनकी एलओसी भी जारी कर दी है। जानकारी के अनुसार



मृतक दविंदर पाल सिंह नट्ट की फाइल फोटो

दविंदरपाल सिंह नट्टू एडवोकेट थे। जबकि उनके पिता स्वर्गीय सुखराज सिंह नट्टू कांग्रेस पार्टी के नेता थे।

SUSHMA BUILDING TOMORROW, TODAY

### सुखराज सिंह और बिंदर पाल थे अच्छे दोस्त

मृतक दविंदरपाल सिंह की माता परमिंदर कौर ने बताया कि उनके पति स्वर्गीय सुखराज सिंह नट्टू और बिंदर पाल मित्तल एक साथ पढ़ते थे। दोनों नट्टू गांव के रहने वाले थे। जिसके चलते दविंदर उन्हें चाचा बुलाता था। दोनों में पारिवारिक संबंध थे। परमिंदर कौर अनुसार परिवार जैसे रिलेशन होने के चलते दविंदर द्वारा मित्तल पर यकीन किया गया था।



सुषमा बिल्डटेक के मालिक



### पूर्व सीएम ने भी की समझौते की कोशिश

स्वर्गीय सुखराज सिंह नट्टू कांग्रेस पार्टी के स्क्रिय लीडर थे। पंजाब स्टेट कोऑपरेटिव हैंडलूम फेडरेशन के चेयरमैन रह चुके थे और जोगा तथा मौड़ विधानसभा क्षेत्रों से तीन बार चुनाव भी लड़ चुके थे। उनका निधन मई 2020 में हुआ था। परमिंदर कौर अनुसार इस ठगी का पता चलने के बाद कांग्रेस के पूर्व सीएम द्वारा भी सुषमा कंपनी के मालिक बिंदर पाल मित्तल को समझौते के लिए कहा था। लेकिन वे फिर भी पैसे वापिस नहीं कर रहे थे।

### वीडियो बना लगाए आरोप, फिर मारी गोली

*दरअसल, दविंदरपाल सिंह द्वारा अपने घर पर खुदखुशी की गई। इस दौरान उन्होंने पहले करीब 9 मिनट की एक वीडियो बनाई। जिसमें सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड के मालिक बिंदर पाल मित्तल, उनके बेटों प्रतीक मित्तल और भारत मित्तल पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा। जिसके बाद उन्होंने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। गोली की आवाज सुनकर जब परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे तो दविंदर पाल सिंह खून से लथपथ पड़ा था। उसकी मौत हो चुकी थी।*

### अपना और दोस्तों का 10 करोड़ कर रखा था इन्वेस्ट

- वीडियो में दविंदरपाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने करीब 4 करोड़ रुपये और दोस्तों के 6 से 7 करोड़ रुपये बिंदर पाल मित्तल के पास निवेश किए थे। कई बार पैसे वापस मांगने के बावजूद उन्हें रकम नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने एक मंत्री से भी संपर्क किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इतना ही नहीं, एक पूर्व मुख्यमंत्री ने भी दो बार बिंदर पाल मित्तल, उनके बेटों प्रतीक मित्तल और भारत मित्तल को फोन कर मामले के समाधान का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद पैसा वापस नहीं मिला।

### पुलिस जल्द करेगी एलओसी जारी

- वहीं इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रेड शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ने को कई जगह पर रेड की। लेकिन आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि तीनों आरोपी बाप व दो बेटे विदेश भाग सकते हैं। जिसके चलते तीनों की एलओसी जारी करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसपी (सिटी) नरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एलओसी की कार्रवाई शुरू कर दी गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें विभिन्न स्थानों पर भेजी गई हैं।

### कर्ज लेकर दिए थे पैसे

- दविंदरपाल ने वीडियो में यह भी कहा कि उन्होंने एक बैंक से 80 लाख रुपए का कर्ज लिया था। जबकि कई लोगों से 10 से 20 लाख रुपए उधार लिए थे। उन्होंने कहा कि इस कर्ज को उनका परिवार चुका देगा। वीडियो में उन्होंने अपने दिवंगत पिता से उनकी उम्मीदों पर खरा न उतर पाने के लिए भावुक होकर माफी भी मांगी। दविंदरपाल अपने पीछे मां और दो बहनों को छोड़ गए हैं।

श्रद्धांजलि

हमारे प्रिय मित्र एवं पंजाब भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य श्री जीवन गुप्ता, श्री राजेश गुप्ता एवं श्री राकेश गुप्ता के पूजनीय माता

**श्रीमती नरेश रानी गुप्ता जी**

(धर्मपत्नी स्व. श्री बलदेव कृष्ण गुप्ता जी)

के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्री गरुड़ पुराण के पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी 02 अगस्त 2026 दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे श्री नवदुर्गा मंदिर, सराभा नगर, लुधियाना में होगी।



श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

तरुण चुघ (राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा)

केवल सिंह ढिल्लों (प्रधान, भाजपा पंजाब) विधायक अश्वनी शर्मा (पूर्व प्रधान भाजपा पंजाब)

डा. सुभाष शर्मा (उप प्रधान भाजपा पंजाब) सुनील मौदगिल (प्रधान भाजपा लुधियाना)

हरीश टंडन (कार्यकारिणी सदस्य भाजपा पंजाब) सुमित टंडन (सचिव भाजपा लुधियाना)

BHARATIYA JANATA PARTY, LUDHIANA

यूटर्न टाइम

# जुबली वेस्ट ग्रोव प्रोजेक्ट पर फिर उठा विवाद, कोर्ट के स्टे के बावजूद निर्माण का आरोप

## सेक्टर-112 में सोसायटी सदस्यों का प्रदर्शन, 33 कनाल सांझा जमीन, रास्ता बंद करने और खरीदारों को गुमराह करने के आरोप -बिल्डर ने कहा जो हिस्सा विवादित वहां काम पूरी तरह बंद









मोहाली/यूटर्न/01 अगस्त। सेक्टर-112 स्थित जुबली वेस्ट ग्रोव मेगा हाउसिंग एवं कमर्शियल प्रोजेक्ट को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। शनिवार को परियोजना स्थल के बाहर सोसायटी के सदस्यों ने बैनर लेकर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि अदालत के 11 मई 2026 के स्टे आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण रुकवाने की मांग की।

सोसायटी के सदस्यों का आरोप है कि मूल भूमि मनोहर एंड संस को टेंडर के माध्यम से दी गई थी। बाद में 33 कनाल साझा (मुश्तरका) जमीन को विवाद के बावजूद जुबली वेस्ट ग्रोव परियोजना के लिए ट्रांसफर कर दिया गया। उनका कहना है कि भूमि का बंटवारा (तकसीम) अभी लंबित है और मामला अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) लेकर परियोजना शुरू कर दी गई।

सोसायटी के अधिवक्ता एच.एस. बलिंग ने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 में विवादित भूमि का हस्तांतरण किया गया और 2022 में तकसीम का मामला लंबित होने के बावजूद सीएलयू हासिल कर लिया गया। उनका दावा है कि नियमों के अनुसार विवादित भूमि पर सीएलयू नहीं मिलना चाहिए था। इसके बावजूद परियोजना को रेरा से मंजूरी लेकर ऊंची कीमतों पर संपत्तियां बेची जा रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लगभग 60 सदस्यों की 19 कनाल 10 मरले भूमि प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि वर्ष 2014 में 20 हजार रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन न तो भुगतान किया गया और न ही रास्ता छोड़ा गया। आरोप है कि 80 फुट चौड़े प्रस्तावित रास्ते को भी संकरा कर दिया गया, जिससे उनकी जमीन डेड ब्लॉक बन गई।

सोसायटी सदस्यों ने दावा किया कि अदालत ने संबंधित पक्षों को निर्माण कार्य से रोका है, लेकिन मौके पर गतिविधियां जारी हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक विवाद का समाधान नहीं होता, वे आंदोलन जारी रखेंगे और लोगों से भी परियोजना में निवेश या संपत्ति खरीदने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक इस मामले में कोई फैसला नहीं आता तब तक यहां करवाया जा रहा निर्माण कार्य बंद करवाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं होता तो सभी पीड़ित इस प्रोजेक्ट के बाहर पक्का धरना देंगे। हालांकि, इन सभी आरोपों पर जुबली वेस्ट ग्रोव प्रबंधन अथवा मनोहर एंड संस के प्रबंधको का कहना था कि प्रोजेक्ट का जो हिस्सा विवादित है वहां काम बिल्कुल बंद है और जो हिस्सा विवादित नहीं है केवल उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# मोहाली शूटिंग रेंज चोरी का खुलासा, तीन दिन के रिमांड पर आरोपी, 8 लैपटॉप, 2 प्रिंटर और 3 एलईडी बरामद

## फेज-1 थाना पुलिस की कार्रवाई, जिला खेल अधिकारी की शिकायत पर दर्ज हुआ था केस, पूछताछ में और खुलासों की उम्मीद



मोहाली/यूटर्न/01 अगस्त। शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। फेज-1 थाना पुलिस ने शूटिंग रेंज फेज-6 से चोरी हुए सामान के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8 लैपटॉप, 2 प्रिंटर और 3 एलईडी बरामद की हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस के निर्देश और एसपी (सिटी) दिलप्रीत सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसपी सिटी-1 गुरचरण सिंह ने बताया कि जिला खेल अधिकारी उमेश्वरी शर्मा की शिकायत पर थाना फेज-1 में 30 जुलाई 2026 को बीएनएस की धारा 305 और 331(4) के तहत एफआईआर नंबर 158 दर्ज की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी युवराज सिंह निवासी गांव चहल, थाना भादसों, जिला पटियाला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से शूटिंग रेंज फेज-6 से चोरी किए गए 8 लेनोवो (लिनोवो ) कंपनी के लैपटॉप, 2 ब्रदर कंपनी के प्रिंटर और 3 एलईडी बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन का रिमांड हासिल किया है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी से गहन पूछताछ जारी है और उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान चोरी की अन्य वारदातों या अन्य आरोपियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।

# चोरी के 10 मामलों का आरोपी गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद

-कपिल नागपाल-

पंचकूला/यूटर्न/01 अगस्त। पंचकूला पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर कार्रवाई करते हुए निमार्णाधीन मकान से एसी की कॉपर पाइप चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी के 10 मामले दर्ज हैं।

पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन के नेतृत्व में अमरावती चौकी टीम ने इंचार्ज प्रीतम सिंह की अगुवाई में यह कार्रवाई की। डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह ने बताया कि 27 जुलाई 2026 को अमरावती एन्क्लेव निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके निमार्णाधीन मकान से एसी की कॉपर पाइप चोरी हो गई है। शिकायत के आधार पर



थाना पिंजौर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 29 जुलाई को राजेश कुमार उर्फ चिंटू



डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह

निवासी पिंजौर को गिरफ्तार किया। अदालत से रिमांड मिलने के बाद पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर मोटरसाइकिल बरामद की गई। रिमांड पूरा होने पर आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में शामिल फरार दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# 1.30 लाख रुपये रिश्वत मामले में थानेदार व हेड कांस्टेबल के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल

मोहाली/यूटर्न/01 अगस्त। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने 1.30 लाख रुपये रिश्वत लेने के मामले में सीआईए स्टाफ फिरोजपुर कैंट में तैनात थानेदार गुरजीत सिंह उर्फ गोल्डी और हेड कांस्टेबल बलौर सिंह के खिलाफ मोहाली की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। दोनों आरोपियों को विजिलेंस ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था।

विजिलेंस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता बोहरा ने बताया कि वह खेतीबाड़ी और पशुओं की खरीद-फरोख्त का कारोबार करता है। उसके मामा के बेटे ओम उर्फ ओमी के खिलाफ थाना सदर फिरोजपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा-21 के तहत मामला दर्ज था। शिकायत के

- विजिलेंस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया था आरोपी, एनडीपीएस केस में नाम हटाने और गिरफ्तारी टालने के बदले मांगी गई थी रिश्वत

अनुसार, सीआईए स्टाफ में तैनात एएसआई गुरजीत सिंह उर्फ गोल्डी ने उसे और उसके भाई बलविंदर सिंह को बताया कि इस मामले में बलविंदर का नाम भी सामने आ रहा है और गिरफ्तारी से बचाने के लिए पैसे देने होंगे।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, शुरूआत में पांच लाख रुपये की मांग की गई। बाद में बातचीत के बाद सौदा 2.30 लाख रुपये में तय हुआ। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने दबाव में आकर एक लाख रुपये दे दिए, जबकि शेष 1.30 लाख रुपये बाद में देने की बात कही गई। रिश्वत नहीं देना चाहने पर उसने पूरे मामले की शिकायत विजिलेंस ब्यूरो से कर दी।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने व्हाट्सएप पर हुई बातचीत और अन्य साक्ष्य पेन ड्राइव में रिकॉर्ड कर विजिलेंस को सौंप दिए। इसके बाद विजिलेंस ने जाल बिछाकर 2 जून को एएसआई गुरजीत सिंह को 1.30 लाख रुपये की शेष रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान हेड कांस्टेबल बलौर सिंह की भूमिका भी सामने आने पर उसे भी मामले में नामजद किया गया।

विजिलेंस ने जांच पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अब मामले की सुनवाई अदालत में होगी।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India


पेज 12 नन्हे वैज्ञानिकों का बड़ा कमाल, बीसीएम आर्य...

# CJP के अभिजीत दिपके ने PM से छात्र 'माफी' पर पूछा - क्या यह सिर्फ़ रील में है या पुलिस स्टेशन में भी?

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर दिए गए माफी के संदेश की उनकी दयालुता के लिए तारीफ हुई है—लेकिन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) ने एक सवाल भी उठाया है: क्या यह दया सिर्फ़ रील तक सीमित रहेगी या पुलिस स्टेशन तक भी पहुँचेगी? जब प्रधानमंत्री ने कहा कि बदतमीजी करने वाले छात्र प्रदर्शनकारी 'भटके हुए बच्चे' हैं जिन्हें सजा के बजाय सही राह दिखाने की जरूरत है, तो CJP के संस्थापक अभिजीत दिपके ने सोचा कि क्या युवाओं के लिए सरकार का यह नया प्यार FIR रजिस्टर तक भी पहुँचेगा।



दिपके ने पूछा, 'क्या आप उन्हें सिर्फ़ इंस्टाग्राम पर माफ करेंगे या केस भी वापस लेंगे?' उन्होंने भारत की नई राजनीतिक शैली—'रीलपॉलिटिक' (Reelpolitik)—का सबसे अहम सवाल पूछा। सरकार की कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजी अब एक दिलचस्प संवैधानिक प्रयोग में बदल गई है: 1080p में दयालुता, और हार्ड कॉपी में मुकदमा।

प्रधानमंत्री के वीडियो में सुलह का भाव था; उन्होंने कहा कि बार-बार कोर्ट के चक्कर लगाने से समस्या हल नहीं होगी और छात्रों को बदनामी के बजाय सहारे की जरूरत है। यह एक भावुक संदेश था, जिसमें एक राजनेता जैसी समझदारी, माता-पिता जैसी चिंता और सिनेमाई अंदाज में ठहराव था।

हालाँकि, इस वीडियो में उन लोगों के कानूनी भविष्य के बारे में कोई घोषणा नहीं थी जिन पर पहले से ही आपराधिक मामले चल रहे हैं।

CJP के लिए यह कमी ही काफी थी यह पूछने के लिए कि क्या सरकार ने स्क्रिप्ट पूरी होने से पहले ही गलती से 'एपिलॉग' (निष्कर्ष) अपलोड कर दिया है। यह बातचीत परीक्षा पेपर लीक को लेकर हफ़्तों तक चले देशव्यापी छात्र विरोध प्रदर्शनों के बाद हुई है; इन प्रदर्शनों के कारण सरकार को बड़ी नीतिगत रियायतें देनी पड़ीं और आखिरकार शिक्षा मंत्री को अपना पद छोड़ना पड़ा। भले ही राजनीतिक संकट शांत हो गया हो, लेकिन पुलिस की फाइलों की याददाश्त इंस्टाग्राम स्टोरीज से ज्यादा लंबी लगती है।

विपक्ष के लिए अब मुद्दा यह नहीं है कि माफी दी गई है या नहीं, बल्कि यह है कि क्या इसके साथ कोई डाउनलोड करने योग्य PDF भी मिलेगी। आज की राजनीति में माफी माँगना ट्रेंड कर रहा है, सहानुभूति को जबरदस्त एंगेजमेंट मिल रहा है, और हैशटैग चार्जशीट से भी तेजी से फैल रहे हैं। बस एक ही अनिश्चितता है कि क्या यह एल्गोरिदम जाँच अधिकारी तक भी पहुँचेगा।

जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, भारत को पता चल रहा है कि शासन अब ज्यादातर वर्टिकल वीडियो के जरिए लोगों तक पहुँच रहा है। नीतियाँ पोस्ट के जरिए घोषित की जाती हैं, राजनीति कमेंट्स में होती है, और जवाबदेही कैप्शन में सब्र के साथ इंतजार करती है। हालिया एपिसोड देश के सामने एक दिलचस्प संवैधानिक सवाल छोड़ता है: जब संवेदना वायरल होती है, तो क्या न्याय को इसकी सूचना मिलती है?

# कोरोना काल की सामाजिक सेवाओं के लिए सुभाष शर्मा सम्मानित




लालड़ू/यूटर्न/01 अगस्त। पंजाब वाटर सप्लाई एवं सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा को कोरोना महामारी के दौरान किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध मीडिया समूह द ट्रिब्यून द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटियाला में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। सुभाष शर्मा ने बताया कि मीडिया समूह ने पूरे पंजाब से करीब 30 व्यक्तियों का चयन उनके सामाजिक योगदान के आधार पर किया था। इस अवसर पर उन्हें कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने पूरे क्षेत्र में जरूरत के अनुसार सैनिटाइजेशन अभियान चलवाया। इसके अलावा अपने निवास पर करीब छह माह तक जरूरतमंद लोगों के लिए लंगर और ठहरने की व्यवस्था की। उस कठिन दौर में लोगों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया गया, क्योंकि महामारी के कारण लोग भय और असमंजस की स्थिति में थे। उन्होंने कहा कि जिस भी व्यक्ति ने मदद की गुहार लगाई, उसकी आवश्यकता को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया गया।

> द ट्रिब्यून मीडिया समूह ने पटियाला में आयोजित समारोह में किया सम्मानित, जनसेवा को बताया जीवन का उद्देश्य

# हरियाणा के 150 सरकारी स्कूल बनेंगे इंटरनेशनल स्टैंडर्ड, 719 उत्कृष्ट विद्यालयों का भी होगा कायाकल्प

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि राज्य के 150 राजकीय विद्यालयों के नए भवन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के 719 उत्कृष्ट विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर उन्हें आधुनिक शिक्षा के मॉडल संस्थानों के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार देर शाम चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास हृसंत कबीर कुटीरहृ में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए विद्यालयों के निर्माण के लिए देश के अग्रणी राज्यों और प्रतिष्ठित संस्थानों के श्रेष्ठ मॉडल तथा विशेषज्ञों के अनुभव का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को ऐसा शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकें। बैठक में प्रदेश के 719 उत्कृष्ट विद्यालयों,



जिनमें संस्कृति मॉडल स्कूल, मुख्यमंत्री अर्ली इंग्लिश एंड एक्सीलेंस स्कूल और पीएम श्री विद्यालय शामिल हैं, के विकास की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन सभी विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षाएं, पृथक शौचालय, मजबूत चारदीवारी, खेल मैदान, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, डिजिटल लैब, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, आधुनिक फर्नीचर, टैबलेट और अन्य आवश्यक शिक्षण संसाधन प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इन विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षण व्यवस्था, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर लैब तथा व्यावसायिक शिक्षा जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उनका कहना था कि ये 150 नए विद्यालय और 719 उत्कृष्ट विद्यालय प्रदेश के अन्य सरकारी स्कूलों के लिए रोल मॉडल बनेंगे तथा हरियाणा को विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे।

बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाए। उन्होंने सभी सरकारी स्कूलों में स्वच्छता, पेयजल और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, माध्यमिक शिक्षा महानिदेशक जितेंद्र दहिया, निदेशक मनिता मलिक, शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक स्वपनिल रविंद्र पाटिल सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन मकान में चोरी की कोशिश नाकाम, लोगों ने दो युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

जीरकपुर/यूटर्न/01 अगस्त। गाजीपुर रोड स्थित विश्रांति सिटी में एक निर्माणाधीन मकान में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की सतर्कता से दो संदिग्ध युवकों को मौके पर ही पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। मकान मालिक का आरोप है कि दोनों युवक पहले भी उनके मकान में चोरी कर चुके हैं और शनिवार को दोबारा वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। मकान मालिक संदीप ने बताया कि उनका मकान नंबर-517 निर्माणाधीन है। करीब दो दिन पहले भी कुछ लोगों ने मकान में घुसकर चोरी की थी। शोर मचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इसके बाद से उन्होंने और आसपास के लोगों ने मकान पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। शनिवार को दोनों युवक दोबारा मकान में घुसे तो लोगों ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। संदीप के अनुसार, आरोपियों ने पहले हुई चोरी के दौरान मकान से पीतल (ब्रास) की नौ टूटियां, बिजली की तारें और अन्य निर्माण सामग्री चोरी कर ली थी। उन्होंने बताया कि एक ब्रास की टूटी की कीमत करीब छह हजार रुपये है। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 60 से 70 हजार रुपये आंकी गई है।





# जीरकपुर से मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं की बसें रवाना



जीरकपुर/यूटर्न/01 अगस्त। पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ स्थान यात्रा योजना के तहत शनिवार को हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर के वार्ड नंबर 25 से 98वीं और 99वीं तथा वार्ड नंबर 2 से 100वीं श्रद्धालुओं की बसों को धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार आम लोगों की आस्था का सम्मान करते हुए श्रद्धालुओं को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना हजारों श्रद्धालुओं के लिए सेवा और श्रद्धा का माध्यम बन चुकी है तथा सरकार जनकल्याण के लिए लगातार ऐसी योजनाएं लागू कर रही है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें गाली देने वाले बच्चों को माफ करने का संदेश क्या संकेत देता है?

प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें गाली देने वाले बच्चों को माफ करने का संदेश कई महत्वपूर्ण बातों की ओर संकेत करता है।

पहला यह कि सदा ही क्षमा, सहनशीलता और बड़े दिल का परिचय देती है।

सार्वजनिक जीवन में नेताओं को अक्सर आलोचना और विरोध का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यदि कोई नेता बच्चों की गलती को माफ कर देता है, तो यह समाज को यह सीख देता है कि क्रोध और प्रतिशोध की भावना के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना चाहिए।

दूसरा यह संदेश इस बात का भी संकेत हो सकता है कि बच्चों को सही मार्गदर्शन और अच्छे संस्कार देने की जिम्मेदारी परिवार, विद्यालय और समाज की है। कई बार बच्चे बिना पूरी समझ के दूसरों की बातों या माहौल के प्रभाव में आकर अनुचित व्यवहार कर बैठते हैं। इसलिए उन्हें दंडित करने के बजाय सही शिक्षा और प्रेरणा देना अधिक आवश्यक है।

हालाँकि, इसका यह अर्थ नहीं है कि अपमानजनक भाषा का प्रयोग उचित है। लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार है, लेकिन उसे शालीन और सम्मानजनक भाषा में व्यक्त करना चाहिए। इस प्रकार, प्रधानमंत्री का यह संदेश क्षमा, संवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों और बच्चों के सकारात्मक मार्गदर्शन का प्रतीक माना जा सकता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**MRP से ज्यादा कीमत कब ली जा सकती है?**

अक्सर हम किसी दुकान, मॉल, सिनेमा, होटल या एयरपोर्ट से सामान खरीदते समय देखते हैं कि उस पर MRP (Maximum Retail Price) लिखी होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या दुकानदार MRP से ज्यादा कीमत वसूल सकता है?

सामान्य नियम यह है कि किसी पैक्ड वस्तु के लिए MRP से अधिक कीमत नहीं ली जा सकती। यदि किसी उत्पाद पर ₹100 MRP लिखी है, तो ग्राहक से उससे अधिक राशि नहीं वसूली जानी चाहिए।

हालांकि, कई लोग एक बात को लेकर भ्रमित रहते हैं। यदि आप किसी Restaurant, Hotel या Cafe में पानी की बोतल या Soft Drink लेते हैं, तो हर स्थिति में केवल टफ्ह ही लागू होगी, ऐसा जरूरी नहीं है। कई मामलों में यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपको केवल उत्पाद बेचा जा रहा है या उसके साथ बैठने की सुविधा, सेवा और अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं। ऐसे मामलों में कानूनी स्थिति अलग हो सकती है।

दूसरी ओर, यदि कोई सामान्य किराना दुकान, मेडिकल स्टोर या सुपरमार्केट पैक्ड सामान पर MRP से अधिक कीमत मांगता है, तो ग्राहक को इसका कारण पूछने का पूरा अधिकार है। खरीदारी करते समय हमेशा बिल लेना चाहिए। यदि आपको लगता है कि MRP से अधिक राशि वसूली गई है, तो उत्पाद की पैकिंग, बिल और भुगतान का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। यही दस्तावेज आगे किसी शिकायत की स्थिति में काम आते हैं।

आजकल कई दुकानों पर Special Price या Offer Price भी लिखा होता है। यदि यह कीमत MRP से कम है, तो ग्राहक को उसी कम कीमत पर सामान मिलना चाहिए।

निष्कर्ष: MRP का अर्थ है Maximum Retail Price यानी अधिकतम खुदरा मूल्य। सामान्यतः किसी पैक्ड वस्तु के लिए MRP से अधिक कीमत नहीं ली जा सकती। खरीदारी करते समय हमेशा पैकिंग पर लिखी MRP और बिल की राशि का मिलान अवश्य करें।

# डेराबस्सी में गूंजे 'जय गुरु रविदास' के जयकारे, काशी से आई पवित्र कलश यात्रा का भव्य स्वागत



डेराबस्सी/यूटर्न/01 अगस्त। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में वाराणसी (काशी) से निकली पवित्र कलश यात्रा का शनिवार को डेराबस्सी में भाजपा मंडल की ओर से भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के पहुंचते ही पूरा क्षेत्र 'जय गुरु रविदास' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पवित्र कलश के दर्शन किए और गुरु रविदास जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

भाजपा डेराबस्सी मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यात्रा के काफिले के साथ शामिल होकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव खन्ना, एस.एम.एस. संधू, मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू, गुरदर्शन सिंह सैणी, रविंद्र वैष्णव, मुकेश गांधी, सुशील राणा, रणजीत सिंह रेड्डी, राकेश अचिंत, राधेश्याम, हरप्रीत सिंह, पवन धीमान (पम्मा), सुखदेव राणा, बिट्टू राणा, विक्रांत पवार, रविंद्र बत्रा, दविंदर पाल पंडिर, अमन राणा, मोना सैणी, दिनेश वैष्णव, हैप्पी कोशल, नरेंद्र मोहन शर्मा और विपन सैणी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डेराबस्सी में श्री गुरु रविदास जी की पवित्र कलश शोभायात्रा का भव्य स्वागत, पुष्प वर्षा से हुआ अभिनंदन



डेराबस्सी/यूटर्न/01 अगस्त। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में वाराणसी से निकली पवित्र कलश शोभायात्रा के डेराबस्सी पहुंचने पर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर गुरु रविदास जी के जयकारे लगाए और पवित्र कलश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर किया।

यात्रा में कारों, मोटरसाइकिलों और अन्य वाहनों का विशाल काफिला शामिल रहा, जिससे डेराबस्सी की सड़कों पर श्रद्धा और उत्साह का अनूठा दृश्य देखने को मिला।

# चंडीगढ़ के लोगों से 20,000 लीटर मुफ्त पानी का अधिकार छीना गया: सांसद मनीष तिवारी



चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। सांसद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक विस्तृत पोस्ट जारी कर आरोप लगाया कि भाजपा और चंडीगढ़ प्रशासन ने मिलकर शहर के लोगों को 20,000 लीटर मुफ्त पेयजल की सुविधा से वंचित करने का काम किया है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की समय-रेखा साझा करते हुए कहा कि यह केवल मुफ्त पानी का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और नगर निगम की गरिमा का भी प्रश्न है। तिवारी ने बताया कि 11 मार्च 2024 को नगर निगम की 333वीं जनरल हाउस बैठक में सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से चंडीगढ़ के लोगों को 20,000 लीटर मुफ्त पेयजल देने का प्रस्ताव पारित किया था। यह निर्णय लोकसभा चुनाव से पहले लिया गया था।

# नौकर को कमरे में बंद कर फार्महाउस से चार भैंसें चोरी

जीरकपुर/यूटर्न/01 अगस्त। जीरकपुर थाना क्षेत्र के गांव किशनपुरा (छत) के पास स्थित एक फार्महाउस से चार भैंसें चोरी होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 5-6 अज्ञात बदमाशों ने पहले फार्महाउस के नौकर को कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगा दिया और इसके बाद चारों भैंसों को महिंद्रा पिकअप वाहन में लादकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंचकूला के सेक्टर-10 निवासी रजनीश वोहरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव किशनपुरा (छत) के पास उनका फार्महाउस है, जहां उनका नौकर विमलेश उर्फ कमल कुमार अपने परिवार के साथ रहता है।

यूटर्न टाइम

# एक्टिवा सवार बदमाशों ने पैदल जा रहे परिवार को लूटा, तेजधार हथियार दिखा महिला की चेन छीनी

लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। गुरुवार शाम को गुरु गोबिंद सिंह नगर इलाके में एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने पैदल जा रहे एक परिवार को रोककर महिला की चेन छीन ली। जिसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला अपने पति और बच्चे के साथ पैदल जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा पर 2 युवक आए। उन्होंने अपनी एक्टिवा थोड़ी आगे लगा दी।



एक्टिवा के रुकते ही पीछे बैठा बदमाश नीचे उतरा और उसने अचानक तेजधार हथियार निकाल लिया। हथियार से परिवार को डराने के बाद उसने झपट्टा मारकर महिला के गले से चेन तोड़ ली। हथियार देखने के बावजूद महिला ने घबराने की बजाय हिम्मत दिखाई। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि महिला ने तुरंत बदमाश का हाथ पकड़ लिया। अपनी पत्नी को भिड़ता देख पति ने भी आगे बढ़कर बदमाश को पकड़ने की कोशिश की। हालांकि बदमाश ने दोबारा तेजधार हथियार दिखाकर उन पर हमला करने की कोशिश की और खुद को छुड़ा लिया। हड़बड़ाहट में वहां से भागते समय बदमाश सड़क से गुजर रही एक कार से भी टकराया, लेकिन वह किसी तरह संभला और अपने साथी के साथ एक्टिवा पर बैठकर तेजी से फरार हो गया।

# वक्फ बोर्ड की जमीन से कब्जा छुड़वाने गई टीम पर हमला, पुलिस के सामने पीटा, पांच नामजद

लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। गांव जस्सियां में वक्फ बोर्ड की जमीन का किए कब्जे को छुड़वाने के लिए गई टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों द्वारा पुलिस के सामने ही वक्फ बोर्ड अधिकारियों के साथ मारपीट की गई। इस हमले में रेंट क्लेक्टर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। थाना हैबोवाल की पुलिस ने एस्टेट ऑफिसर परमजीत सिंह की शिकायत पर मनप्रीत सिंह, हरजीत सिंह चीमा, नरेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी, पवन मान उर्फ बबला समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें



साफ देख जा सकता है की लोगा पुलिस के सामने कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हैं। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता परमजीत सिंह वक्फ बोर्ड लुधियाना में एस्टेट ऑफिसर तैनात है। बोर्ड की एक जमीन गांव जस्सियां में थी। जिस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ था। बोर्ड द्वारा इस संबंधी पुलिस को सूचना दी गई। वहीं वक्फ बोर्ड के अधिकारी, पुलिस और हल्का कानूनगो के साथ गांव जस्सियां पहुंचे। जहां उन्होंने कब्जा वापिस लेने का प्रयास किया तो कुछ लोगों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। परमजीत सिंह ने कहा कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से कर्मचारियों के साथ मारपीट की, जिसमें वक्फ बोर्ड के रेंट कलेक्टर मोहम्मद अदनान को गंभीर चोटें आई। स्थिति बिगड़ने के बाद बोर्ड की टीम किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भागे।

## मॉल बाहर फायरिंग मामले में दोनों पक्षों पर क्रॉस पर्चा दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। राजगुरु नगर स्थित एमबीडी मॉल के बाहर बीती शाम हुई अंधाधुंध फायरिंग मामले में पुलिस द्वारा एक्शन लिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। थाना सराभा नगर की पुलिस ने एक पक्ष के आर्यन घुम्मण, आर्यन धालीवाल, निखिल उर्फ बल्लू व 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ऐसे ही दूसरे पक्ष के गुरसेवक सिंह उर्फ लहोरिया, चन्न ग्रेवाल व 2 अज्ञात को नामजद कर लिया है। उन पर सरेआम गोलियां चलाकर दहशत फैलाने और लोगों की जान जोखिम में डालने वाले दोनों गुटों के करीब आधा दर्जन से अधिक युवकों के खिलाफ थाना सराभा नगर में गंभीर धाराओं के तहत क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की विशेष टीमें फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। जिसके चलते फायरिंग हुई।



## लुधियाना ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को लेकर सिमरजीत सिंह बैंस को सौंपा गया ज्ञापन



लुधियाना/यूटर्न/01 अगस्त। ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने आज पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस को ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन डीलरों की विभिन्न समस्याओं संबंधी एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर श्री बैंस ने ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों की परेशानियों पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को लुधियाना के सांसद राजा वड़िंग के समक्ष जल्द उठाएंगे तथा डीलरों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित कराएंगे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि संसद के वर्तमान सत्र में इस विषय को प्रश्न के रूप में उठाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर परगट पाल सिंह, जोधा सिंह, जगजीत सिंह काला, तरुण सिंगला, नरिंदर सिंह चीमा, दविंदर सिंह वालिया,अमरजीत सिंह भिखी, हरमन विक्की तथा जतींदर पाल सिंह मक्कड़ सहित अन्य ट्रांसपोर्टर एवं वाहन डीलर उपस्थित रहे।

## सीनियर पत्रकार नदीम अंसारी सुपुर्द-ए-खाक, अंतिम विदाई में धार्मिक व राजनीतिक आगू हुए शामिल

लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। लुधियाना के सीनियर पत्रकार नदीम अंसारी का शुक्रवार रात पीजीआई में निधन हो गया था। शनिवार को उनकी मृतक देह लुधियाना सुधार घर पर लाई गई। दोपहर बाद उन्हें



गांव पक्खोवाल रोड स्थित कब्रिस्तान में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। नदीम अंसारी को अंतिम विदाई देने के लिए पंजाब के शाही इमाम उस्मान लुधियानवी, मुस्किम, कांग्रेस नेता पवन दीवान, पूर्व विधायक तरसेम सिंह जोधां, पार्षद कपिल कुमार सोनू, सुधार कॉलेज का स्टॉफ समेत कई धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक आगू पहुंचे। नदीम अंसारी के निधन की खबर मिलते ही लुधियाना समेत पूरे पंजाब के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। लंबे समय तक पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीम अंसारी अपने शांत स्वभाव, निष्पक्ष रिपोर्टिंग और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए जाने जाते थे। उन्होंने देश के कई दिग्गज लीडरों के साथ जुड़कर काम किया। उन्हें राजनीतिक खबरों में माहरत हासिल थी। उन्होंने कई रिपोर्ट्स को अपने गुण देकर तैयार किया। वे पिछले तीन साल से यूटर्न टाइम अखबार में बतौर सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। इसके अलावा वे नेशनल हिंदी अखबारों में अलग अलग पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

## ससुरालियों से तंग आकर युवक ने की खुदखुशी, कार्रवाई के आश्वासन के बाद लाश नीचे उतारी



लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। मेहरबान में गांव सीड़ा में एक युवक ने शकी हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के परिवार द्वारा उसकी पत्नी और ससुराल वालों पर आरोप लगाए। परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली का विरोध करते हुए दोपहर एक बजे तक शव को फंदे से नीचे नहीं उतारने दिया। परिजनों का साफ कहना था कि जब तक आरोपियों पर मामला दर्ज नहीं होता, वे डेड बॉडी नहीं उतारेंगे। मृतक के 2 बच्चे हैं, जिनमें एक लड़का और एक लड़की है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने को राजी हुई तब जाकर परिजनों ने शव को फंदे से उतारने दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक के भाई चमकौर सिंह ने बताया कि उसके भाई का अपनी पत्नी से मामूली मनमुटाव चल रहा था। 10 मई को पत्नी ने सरपंच कुलदीप को फोन किया, जिसके बाद सरपंच ने ससुराल वालों को बुला लिया। साले और अन्य लोगों ने घर आकर मेरे भाई की टांग तोड़ दी थी। तीन महीने तक न्याय के लिए थाने के धक्के खाते रहे, लेकिन पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। भाई का आरोप है कि सरपंच कुलदीप आम आदमी पार्टी के नेता का खास है, जिसकी धौंस देकर पुलिस पर दबाव बनाया गया और उनकी कोई सुनवाई नहीं होने दी गई। जिसके बाद पत्नी मायके रहने लगी। इससे तंग आकर उसके भाई ने खुदखुशी कर ली।

# हरियाणा की बेटियों का कॉमनवेल्थ में डबल गोल्ड, प्रीति और जैस्मिन ने बढ़ाया देश का मान

## भिवानी की मुक्केबाजों ने 54 और 57 किलोग्राम वर्ग में जीते स्वर्ण पदक, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी बधाई

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में हरियाणा की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए भारत की झोली में दो स्वर्ण पदक डाल दिए। भिवानी की मुक्केबाज प्रीति पंवार ने महिला 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया, जबकि जैस्मिन लांबोरिया ने महिला 57 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत को दूसरी बड़ी सफलता दिलाई। दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भिवानी की इन बेटियों ने अपने अदम्य साहस, कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा किया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की बेटियां लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का तिरंगा विश्व मंच पर लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रीति पंवार और जैस्मिन लांबोरिया की यह उपलब्धि न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। इनकी सफलता प्रदेश के लाखों युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं, आधुनिक खेल अवसंरचना, बेहतर प्रशिक्षण और पारदर्शी खेल नीति उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दोनों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके परिवारों, प्रशिक्षकों और भारतीय मुक्केबाजी दल को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा के खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नए कीर्तिमान स्थापित कर देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

# राहुल गांधी और पप्पू यादव का नाटक खत्म; वाराणसी में एफआईआर चर्चा का केंद्र

चंडीगढ़/यूटर्न/1 अगस्त। वाराणसी पुलिस ने संसद में राम मंदिर पर आधारित नाटक करने के लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद पप्पू यादव, अवधेश प्रसाद और अन्य लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। ऐसा करके, उन्होंने यह पक्का किया है कि भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली दोनों पार्टियों की पसंदीदा संस्था यानी राजनीतिक रूप से अहम एफआईआर शासन के लगभग हर दूसरे अंग से बेहतर प्रदर्शन करती रहे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नाटक ने सनातन धर्म का अपमान किया और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। क्या ये आरोप कानून की कसौटी पर खरे उतरेंगे, यह अदालतें तय करेंगी। लेकिन भारतीय राजनीति में, एफआईआर खुद ही हेडलाइन, सजा और अक्सर राजनीतिक मकसद बन गई है।



### आज राजनीतिक प्रेस रिलीज का नया रूप मिला

कभी एफआईआर आपराधिक जांच का सिर्फ.पहला कदम हुआ करती थी। आज, इसे कानूनी कागजों पर लिखी राजनीतिक प्रेस रिलीज का नया रूप मिल गया है। हर विवादित भाषण, नारे, कार्टून, ट्वीट, मीम या सड़क पर किए गए प्रदर्शन के साथ अब एक तरह की रस्मी उम्मीद जुड़ी होती है: कहीं न कहीं, किसी न किसी को FIR जरूर दर्ज करानी चाहिए। शायद यह एकमात्र सरकारी दस्तावेज है जिसकी घोषणा को अक्सर उसके अंतिम नतीजे से ज्यादा पब्लिसिटी मिलती है।

### कोई भी स्क्रिप्ट लिख सकता

यह प्रक्रिया इतनी अनुमानित हो गई है कि कोई भी इसकी स्क्रिप्ट लिख सकता है। एक राजनेता बोलता है। दूसरा नाराजगी जाहिर करता है। टीवी पर बहस छिड़ जाती है। शिकायत का मसौदा तैयार होता है। एफआईआर दर्ज होती है। सोशल मीडिया जश्न मनाता है। महीनों या सालों बाद, कानूनी पहलू चुपचाप अपनी बारी का इंतजार करते हैं, जबकि राजनीतिक फायदा बहुत पहले ही अपने मकसद तक पहुँच चुका होता है।

### एक राजनीतिक पार्टी तक सीमित नहीं

यह चलन किसी एक राजनीतिक पार्टी तक सीमित नहीं है। सरकारें बदलती हैं, लेकिन एफआईआर हर चुनाव के बाद भी अद्भुत वैचारिक लचीलेपन के साथ बनी रहती है। कल का शिकायतकर्ता कल का आरोपी बन जाता है; आज का पीड़ित कल का याचिकाकर्ता बन जाता है। पुलिस स्टेशन भारतीय लोकतंत्र का एकमात्र सचमुच निष्पक्ष मिलन स्थल बन गया है।

### इसे नजरअंदाज करना मुश्किल

इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है। राजनीतिक असहमति, जिसे संसद में, सार्वजनिक मंचों पर या अंततः मतदाताओं द्वारा सुलझाया जाना चाहिए, उसे तेजी से आपराधिक कानून के जरिए निपटाया जा रहा है। एफआईआर, जिसे जांच की शुरूआत के तौर पर बनाया गया था, उसका इस्तेमाल अक्सर राजनीतिक बहस को खत्म करने के लिए किया जाता है।

### तेजी से एफआईआर दर्ज करने का वादा किया जाना

इनमें से कोई भी बात मौजूदा मामले पर पहले से कोई राय नहीं बनाती है। अगर कानून का उल्लंघन हुआ है, तो अदालतें ठीक यही तय करने के लिए मौजूद हैं। लेकिन जब भी किसी नाटकीय विरोध, भड़काऊ बयान या सांकेतिक हरकत के बाद लगभग तुरंत ही आपराधिक कार्रवाई शुरू हो जाती है, तो यह सवाल मन में आता है कि क्या भारत के नेताओं ने बहस करने का काम 'FIR' के हवाले कर दिया है। शायद अगले चुनाव के घोषणा-पत्र में बस तेजी से एफआईआर दर्ज करने का वादा ही किया जाना चाहिए। आखिरकार, यह एक ऐसा वादा है जिसे पूरा करने के लिए सभी राजनीतिक दल पूरी तरह से प्रतिबद्ध दिखते हैं।

## रविदास जयंती के उपलक्ष पर जूते पहनकर कलश यात्रा निकालने का आरोप, रविदास समाज की बेटी ममता डोगरा ने साधा निशाना

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। संत रविदास जयंती के अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जतींदर मल्होत्रा पर कलश यात्रा के दौरान जूते पहनने का आरोप लगाते हुए रविदास समाज की बेटी ममता डोगरा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। ममता डोगरा ने कहा कि यह संत शिरोमणि गुरु रविदास जी और रविदास समाज की धार्मिक भावनाओं का अपमान है। उन्होंने कहा रविदास समाज की बेटी होने के नाते मैं इस कृत्य की कड़ी निंदा करती हूं। जतींदर मल्होत्रा 24 घंटे के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उन्होंने आरोप लगाया कि, यह पहली बार नहीं है। पहले भी वे विवादित बयान देते रहे हैं। कभी लोगों को 'अनपढ़' कहा, कभी पंजाबियों के लिए ब्लाउडी फूल जैसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और अब दलित समाज के पूज्य गुरु से जुड़े धार्मिक कार्यक्रम में ऐसी हरकत सामने आई है। रविदास समाज अपने गुरु का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। ममता डोगरा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को सभी धर्मों, महापुरुषों और समाजों की आस्था का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जतींदर मल्होत्रा 24 घंटे के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा रविदास समाज लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएगा।



## हरियाणा के 1760 सरकारी स्कूलों में चलेगा 'रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण' कार्यक्रम

कपिल नागपाल, पंचकूला/यूटर्न/01 अगस्त। हरियाणा सरकार ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ₹रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण₹ कार्यक्रम का राज्य स्तरीय शुभारंभ शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-15, पंचकूला में किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त निदेशक प्रशासन (प्रारंभिक शिक्षा) एचसीएस जीतेंद्र जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण केवल सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का प्रभावी साधन है। उन्होंने छात्राओं से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। वर्ष 2026-27 में यह कार्यक्रम हरियाणा के 1760 राजकीय विद्यालयों में संचालित किया जाएगा। इनमें 207 प्रारंभिक, 1317 माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक तथा 236 पीएम श्री विद्यालय शामिल हैं। प्रत्येक विद्यालय में तीन माह के दौरान 60 घंटे का प्रशिक्षण प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में छात्राओं को चाबी, दुपट्टा, बैग, पेन जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं और शारीरिक तकनीकों के माध्यम से आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए जाएंगे। कार्यक्रम में आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। सरकार ने बालिका सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# बठिंडा शहरी में अकाली दल ने 2027 चुनावों के लिए बजाया चुनावी बिगुल

## 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आन





-सोनू टुटेजा-

बठिंडा/यूटर्न/01 अगस्त। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए शिरोमणि अकाली दल ने बठिंडा शहरी हलके में चुनावी बिगुल बजा दिया है। शिरोमणि अकाली दल बठिंडा शहरी की ओर से गत शुक्रवार शाम शहर के एक बड़े रिजॉर्ट में ह्यचाय पर चर्चाह्न के नाम से एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हलके के बड़ी संख्या में अकाली कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया।

बठिंडा शहरी हलके के प्रभारी इकबाल सिंह बबली ढिल्लों की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बठिंडा शहरी के अध्यक्ष सुशील कुमार गोल्डी, प्रदेश नेता बलकार सिंह बराड़, नगर निगम के पूर्व मेयर बलजीत सिंह बीड़ बहिमण, पूर्व पार्षद निर्मल सिंह संधू सहित कई अन्य नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पार्टी के विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकताओं से अपील की कि वे 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए एकजुट होकर पार्टी के लिए काम करें। वक्ताओं ने दावा किया कि बठिंडा शहरी हलके से इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ही शिरोमणि अकाली दल के संभावित उम्मीदवार होंगे, इसलिए सभी कार्यकर्ता उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात मेहनत करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने लगातार दस वर्षों तक सत्ता में रहकर पंजाब को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि उस दौरान सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई थीं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद कांग्रेस और वर्तमान आम आदमी पार्टी सरकार ने पंजाब के विकास की रफ्तार को रोक दिया और राज्य को फिर से पिछड़ेपन की ओर धकेल दिया।

# जीरकपुर में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार, फिर मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को काटा

जीरकपुर/यूटर्न/01 अगस्त। बलटाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला पर आवारा कुत्ते के हमले ने एक बार फिर नगर परिषद के दावों की पोल खोल दी।



घायल महिला की पहचान जीवंती के रूप में हुई है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नगर परिषद और प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जीवंती रोज की तरह सुबह सैर पर निकली थीं। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया और काट लिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर उन्हें बचाया और कुत्ते को भगाया। इसके बाद घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जीरकपुर या बलटाना में पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोग आवारा कुत्तों का शिकार हो चुके हैं, लेकिन नगर परिषद हर बार केवल कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल देती है। लोगों का आरोप है कि न तो आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नियमित अभियान चलाया जाता है और न ही कोई स्थायी व्यवस्था की गई है। इससे सुबह-शाम सैर करने वाले लोगों, बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल बना हुआ है। निवासियों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी दफ्तरों में बैठकर केवल कार्रवाई के दावे करते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई टीम नजर नहीं आती। कई बार शिकायतें देने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने, नसबंदी और टीकाकरण के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग की है।

# शिरोमणि अकाली दल का सफाई सेवकों को पूर्ण पूर्ण समर्थन

## बरनाला घटना की कड़े शब्दों में निंदा, सरकार को दी चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/1/अगस्त। शिरोमणि अकाली दल (बादल) के हलका इंचार्ज और पूर्व विधायक एस.आर. क्लेर ने सफाई सेवकों की चल रही हड़ताल का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए मौजूदा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य के सफाई सेवकों की जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रवैया है।



इस दौरान अकाली नेताओं ने बरनाला में सफाई सेवकों के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सफाई सेवकों की मांगों का समाधान नहीं किया गया और बरनाला घटना के पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिला, तो शिरोमणि अकाली दल इस संघर्ष को और अधिक तेज करेगा। पार्टी नेताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इस शासन में आज हर वर्ग का कर्मचारी परेशान है और अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। व्यापार विंग के जिला प्रधान हरदेव सिंह बॉबी ने कहा कि सरकार के 'बदलाव' के दावों की पोल अब पूरी तरह खुल चुकी है, जहां कर्मचारियों की समस्याएं सुनने की बजाय उनकी आवाज को दबाया जा रहा है।

पार्षद दविंदरजीत सिंह सिद्धू ने कहा कि सफाई सेवक हमारे समाज का एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण अंग हैं। सरकार को तुरंत उनकी सभी मांगों को मानकर इस हड़ताल को समाप्त करवाना चाहिए। इस अवसर पर दीपइंद्र सिंह भंडारी, जगदीश्वर सिंह भोला, गगनदीप सिंह वाहीया, कुलप्रीत सिंह रिंकू और अमनदीप सिंह टिंका सहित कई अन्य वरिष्ठ अकाली नेता भी मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद ने दिखाई दरियादिली



गालिब कलाँ के गरीब परिवार के सिर पर पक्की छत का साया, लेंटर डलवाकर पूरी की आस

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/1/अगस्त। मानवता की सेवा में सदैव समर्पित रहने वाली भारत विकास परिषद ने एक बार फिर समाज सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। परिषद के प्रयासों से गांव गालिब कलाँ की रहने वाली एक जरूरतमंद महिला हरप्रीत कौर के घर के जर्जर और खस्ताहाल कमरे की छत पर नया लेंटर डलवाकर उन्हें एक बड़ी राहत दी गई है।

इस नेक कार्य में भारत विकास परिषद (स्वामी विवेकानंद ब्रांच, लुधियाना) और इसके पूर्व चेयरमैन (सेवा) यश पाल गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। उनकी प्रेरणा और आर्थिक सहायता से इस गरीब परिवार का सपना साकार हो सका है।

## आर्थिक सहायता का सौंपा गया चेक

परिषद के प्रधान, प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी ने जानकारी दी कि संस्था की ओर से लेंटर के निर्माण में आए कुल खर्च की राशि का चेक विधिवत रूप से हरप्रीत कौर को सौंपा गया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद शाखा और यश पाल गुप्ता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही इस जरूरतमंद परिवार की समय पर सहायता संभव हो पाई है ।इस मानवीय पहल के दौरान मौके पर प्रधान चरणजीत सिंह भंडारी के साथ कैशियर सतीश गर्ग और राजिंदर जैन काका भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सेवा कार्य को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**विशेष संदेश:** भारत विकास परिषद का यह सराहनीय कदम समाज के अन्य सक्षम लोगों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है।

# डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पर पौधारोपण और विकास कार्यों का एमसी कमिश्नर ने लिया जायजा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने शनिवार को डड्डूमाजरा स्थित रिक्लेम्ड डंपिंग ग्राउंड का दौरा कर पौधारोपण की प्रगति और वहां चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पौधों के नियमित रखरखाव, सिंचाई व्यवस्था और पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष आयुक्त हरप्रीत सिंह सूदन, आईएएस, मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा तथा नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कमिश्नर ने हाल ही में किए गए पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की वृद्धि और उनकी स्थिति का निरीक्षण किया।



# बलटाना में डेढ़ किलो गांजा समेत युवक गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड पर भेजा



जीरकपुर/यूटर्न/01 अगस्त। बलटाना क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीरकपुर पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास पुत्र उमेश मिश्रा निवासी गांव नबीपुर, थाना नारायणगढ़, जिला अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 31 जुलाई की शाम एएसआई पवन कुमार और कांस्टेबल दिनेश कुमार निजी वाहन पर बलटाना क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे जब पुलिस टीम बलटाना बाजार के समीप ईंटों के डंप के पास पहुंची तो एक युवक हाथ में तराजू लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह घबरा गया और तराजू फेंककर मौके से भागने लगा।

पुलिस टीम ने तुरंत उसका पीछा कर कुछ दूरी पर काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान विकास के रूप में बताई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पड़े तराजू की जांच की, जिसमें छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ का वजन करने पर कुल 1 किलो 500 ग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने गांजे को कब्जे में लेकर केस प्रॉपर्टी के रूप में सुरक्षित कर लिया। थाना जीरकपुर पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ के लिए दो दिन का रिमांड लिया गया है। जांच अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि आरोपी गांजा कहां से लेकर आया था और इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। साथ ही इस पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है।

### तराजू में छिपाकर ले जा रहा था गांजा

पुलिस के अनुसार आरोपी गांजा तराजू के भीतर छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस टीम को देखते ही उसने तराजू फेंककर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। बरामद गांजे की मात्रा को देखते हुए पुलिस अब इसके स्रोत और सप्लाई चेन का पता लगाने में जुटी है।

# चंडीगढ़ में कोर्ट के आदेश पर कब्जा दिलाने गई महिला को वकील ने मारी गोली

## सेक्टर-42 में दिनदहाड़े सनसनी; पुलिस और कोर्ट टीम के सामने बालकनी से लाइसेंसी दुनाली से फायर





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। चंडीगढ़ के सेक्टर-42 में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब कोर्ट के आदेश पर मकान का कब्जा लेने पहुंची एक महिला को कथित तौर पर मकान में रह रहे वकील ने पुलिस और कोर्ट की टीम के सामने ही गोली मार दी। गोली महिला के सिर में लगी, जिसके बाद वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि पुलिस ने आरोपी वकील को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया।

घटना दोपहर करीब एक बजे सेक्टर-42 स्थित गर्ल्स कॉलेज के सामने हुई। घायल महिला की पहचान मनजिंदर (मनविंदर) कौर, निवासी सेक्टर-19, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। वह कोर्ट के आदेश के तहत अपने मकान का कब्जा लेने पुलिस और कोर्ट के अधिकारी के साथ पहुंची थीं।

**पुलिस और कोर्ट टीम के सामने चली गोली...** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मकान पर लंबे समय से एडवोकेट जेपीएस चड्ढा का कब्जा था। कोर्ट के आदेश के अनुसार शनिवार को मकान मालिक को कब्जा दिलाने की कार्रवाई की जा रही थी। पुलिस सुरक्षा में टीम मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। अंदर से दरवाजा बंद होने के कारण कोर्ट के आदेश के तहत ताला तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई।

इसी दौरान आरोपी वकील जेपीएस चड्ढा घर की बालकनी में आए और अपनी लाइसेंसी दुनाली बंदूक से नीचे खड़ी महिला पर फायर कर दिया। गोली सीधे महिला के सिर में लगी और वह दरवाजे के बाहर ही गिर पड़ी। अचानक हुई फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**आरोपी वकील मौके से गिरफ्तार...** घटना के तुरंत बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने आरोपी वकील को काबू कर लिया और हथियार कब्जे में ले लिया। पूरे इलाके को घेरकर फॉरेंसिक टीम और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

**DSP ने बताया कैसे हुआ घटनाक्रम...** मौके पर पहुंचे डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि संबंधित मकान पहले किराए पर दिया गया था। मकान मालिक काफी समय से इसे खाली कराने का प्रयास कर रहे थे। कोर्ट ने मकान मालिक के पक्ष में आदेश दिया था, जिसके अनुपालन में शनिवार को कब्जा दिलाने की कार्रवाई की जा रही थी। डीएसपी के अनुसार पुलिस और कोर्ट का प्रतिनिधि पहले दरवाजा खुलवाने पहुंचे, लेकिन अंदर से कुंडी लगी होने के कारण दरवाजा नहीं खुला। कोर्ट के आदेश के तहत ताला तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी दौरान आरोपी बालकनी में आया और लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

**अस्पताल में जिंदगी की जंग...** गोली लगते ही महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# लुधियाना में सफाई सेवकों की हड़ताल खत्म, मंत्री बैंस ने मांगों का जल्द हल करने का दिया आश्वासन



लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। बरनाला में सफाई कर्मचारियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में वाल्मीकि समाज द्वारा लुधियाना में कूड़ा उठाना बंद कर दिया था। जो मुलाजिम पक्के नहीं किए उनके हक में धरना दिया था। शनिवार को हड़ताल के 9वें दिन निकाय मंत्री हरजोत बैंस लुधियाना पहुंचे। उन्होंने धरनाकारियों से मीटिंग की और उन्हें आश्वासन दिलाया कि आने वाले विधानसभा सैशन में उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। वहीं बरनाला में जो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज किया है उसकी भी निंदा की। मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि जिन पुलिस कर्मियों ने लाठीचार्ज किया है उनके खिलाफ कड़ा एक्शन सरकार ने लिया हुआ है। पीड़ित परिवारों को मुआवजा भी दिया जाएगा। वहीं आरोपियों की वीडियो में पहचान करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए स्पेशन एसआईटी बनाई गई है। बैंस ने कहा कि विधान सभा के सैशन में जो कच्चे मुलाजिम है उन्हें पक्का किया जाएगा या उनका वेत्तन पहले से ज्यादा बेहतर किया जाएगा। वहीं डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी का ठेका रद्द किया जाएगा।

# सेक्टर-23 में सर्वविताएं फाउंडेशन का निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप, 142 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



-अजीत झा-

चंडीगढ़/यूटर्न/01 अगस्त। समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही सर्वविताएं फाउंडेशन की ओर से शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-23 में एक भव्य निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए इस शिविर में 142 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कैंप में सेक्टर-23 के निवासियों के अलावा स्थानीय मार्केट के दुकानदारों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

मेडिकल कैंप का आयोजन फाउंडेशन के चेयरमैन सुमित गिन्नी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान समदर्शी वेद जोसफ सहित अनेक समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कैंप में लोगों के लिए नेत्र जांच (आई चेकअप), सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण (बॉडी चेकअप) और दंत जांच (डेंटल चेकअप) की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से लोगों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर उन लोगों के लिए बेहद लाभदायक साबित होते हैं, जो व्यस्त दिनचर्या या आर्थिक कारणों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करा पाते। कई लोगों ने पहली बार अपने स्वास्थ्य की विस्तृत जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुमित गिन्नी ने कहा कि सर्वविताएं फाउंडेशन की स्थापना समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता के उद्देश्य से की गई थी। संस्था लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और नशा मुक्त युवा ही एक मजबूत राष्ट्र की पहचान हैं।

# मोदी सरकार छात्र आंदोलन से किए वादे से मुकरी

## देशव्यापी संघर्ष फिर होगा तेज-दशमेश यूनियन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/1/अगस्त। दशमेश किसान मजदूर यूनियन (रजि.) की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान गुरदयाल सिंह तलवंडी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में देशव्यापी छात्र आंदोलन की वर्तमान स्थिति पर गंभीर मंथन किया गया। यूनियन ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के साथ हुए लिखित समझौते से मुकर गई है।

यूनियन नेताओं ने बताया कि नीट (NEET) के मुद्दे पर 36 दिनों तक चले ऐतिहासिक और शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन के बाद केंद्रीय हुकूमत और छात्र नेताओं के बीच 3 सूत्रीय समझौता हुआ था। इसके तहत दिल्ली समेत आठ राज्यों में दर्ज सभी फर्जी एफआईआर को तुरंत प्रभाव से रद्द करने पर सहमति बनी थी। लेकिन समझौते के ठीक अगले ही दिन से सरकार अपने वादे से पलट गई। देश भर में छात्र कार्यकताओं के घरों पर छापे मारे जा रहे हैं, उन्हें गिरफ्तार कर जेलों में ठूंसा जा रहा है और दमन चक्र तेजी से चलाया जा रहा है।



### सरकार को दी कड़ी चेतावनी

दशमेश यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मोदी सरकार ने तुरंत अपना समझौता लागू नहीं किया, तो उसे पहले से भी अधिक उग्र देशव्यापी आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। यूनियन ने स्पष्ट किया कि इस संघर्ष को ₹देश बचायो मोर्चा₹ से जुड़ी 280 किसान-मजदूर यूनियनों का पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा और इसके परिणामों की पूरी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होगी।

### कॉमरेड हरदेव संधू को दी श्रद्धांजलि

बैठक के अंत में किसान आंदोलन के प्रमुख नेता कॉमरेड हरदेव संधू के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इसे कीर्ति किसान यूनियन और उनके परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। यूनियन ने घोषणा की कि 4 अगस्त को मानूके गांव में होने वाले भोग एवं श्रद्धांजलि समारोह में यूनियन का एक बड़ा काफिला शामिल होगा। बैठक के उपरांत फासीवादी और दमनकारी नीतियों पर चल रही सरकार के विरुद्ध रोष मार्च निकालते हुए जोरदार प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर अमरूद सिंह तलवंडी, जसवंत सिंह मान, रणजीत सिंह गुड़े, गुरमेल सिंह ढट्ट समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

हाल ही में बिहार के सीवान जिले में एक शांतिपूर्ण रोष मार्च के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा एके-47 से गोलियां चलाए जाने की घटना की भी कड़े शब्दों में निंदा की गई, जिसमें तीन छात्र कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दमनकारी नीतियों के विरोध में 31 जुलाई से दिल्ली सहित पूरे देश में छात्र आंदोलन एक बार फिर से भड़क उठा है।

# मृत विधायक का नाम एफआईआर में आने से मचा हड़कंप, चंडीगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे बड़े सवाल

## विधायक मनप्रीत सिंह इयाली और 3000 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करने पर अकाली दल ने सरकार को घेरा






जगरांव/यूटर्न/1/अगस्त। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास के समीप शांतिपूर्ण रोष मार्च के बाद चंडीगढ़ पुलिस द्वारा अकाली दल 'वारिस पंजाब के' हलका जगरांव के मुख्य सेवादार व विधायक मनप्रीत सिंह इयाली और करीब तीन हजार अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाने का मामला गरमा गया है। अकाली दल ने इसे लोकतंत्र का हनन और सरकार की बौखलाहट करार दिया है।

इस पूरी कार्रवाई का सबसे बड़ा और हैरान करने वाला पहलू यह सामने आया है कि पुलिस ने जल्दबाजी में तैयार की गई एफआईआर में मृत पूर्व विधायक अजैब सिंह मखमैलपुर का नाम भी आरोपियों की सूची में शामिल कर दिया है। मुख्य सेवादार राजीव लवली ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो व्यक्ति इस दुनिया में ही नहीं है, उसे मुल्जिम बना देना पुलिस प्रशासन की गंभीर लापरवाही और प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता सबूत है।

उन्होंने कहा कि बंदी सिंहों की रिहाई और पंजाब के हक की आवाज बुलंद करने वालों को झूठे मुकदमों से दबाने की कोशिश की जा रही है, जो कभी कामयाब नहीं होगी। पार्टी ने मांग की है कि सभी राजनीतिक रूप से प्रेरित पर्चे तुरंत रद्द किए जाएं और मृत नेता का नाम एफआईआर में दर्ज करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# शकी हालातों में युवक की पार्क से लाश हुई बरामद, पुलिस कर रही जांच

लुधियाना/यूटर्न/1 अगस्त। लुधियाना में मेयर के वार्ड के अधीन आते बंदा बहादुर सिंह नगर स्थित एक पार्क में शनिवार सुबह एक युवक की शकी हालातों में लाश बरामद हुई है। लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर थाना मेहरबान की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान सुखदेव नगर के मनी (21) के रूप में हुई है। वहीं परिजन युवक की मौत को लेकर कई सवाल उठा रहे हैं और मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। मृतक की बहन मोनिका ने बताया कि भाई मनी शुक्रवार सुबह मां से यह कहकर घर से निकला था कि वह दिहाड़ी मजदूरी करने जा रहा है।

# रकुल प्रीत की खूबसूरती और मासूम मुस्कान ने जीता दिल



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह एक बार फिर अपने खूबसूरत अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीर में रकुल ऑरेंज और व्हाइट आउटफिट में बेहद आकर्षक नजर आ रही हैं। उनके स्टाइलिश सनग्लासेज और चेहरे की मासूम मुस्कान ने प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया है। अभिनेत्री का सादगीभरा लेकिन ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर लोगों को खूब पसंद आ रहा है। फैंस उनकी खूबसूरती, आत्मविश्वास और सहज अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। रकुल प्रीत अपने अभिनय के साथ-साथ फैशन और फिटनेस को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। उनकी यह तस्वीर भी सोशल मीडिया पर तेजी से साझा की जा रही है।

## नन्हे वैज्ञानिकों का बड़ा कमाल, बीसीएम आर्य में 'साइ-वर्स 2026' ने बटोरी वाहवाही

लुधियाना/यूटर्न/01 अगस्त। बीसीएम आर्य इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी 'साइ-वर्स 2026' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभिनव प्रोजेक्ट्स एवं कार्यशील मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े भूकंप, बाढ़ और अग्नि चेतावनी प्रणाली, विमान के ब्लैक बॉक्स तथा हाइड्रोलिक ब्रिज जैसे मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित फ्यूचर स्मार्ट ईको सिटी, एयर पॉल्यूशन फिल्टर टॉवर, स्मार्ट वेस्ट सेग्रीगेशन एंड कलेक्शन सिस्टम तथा ऑटोमैटिक प्लांट




वॉटरिंग सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट्स ने सभी का ध्यान खींचा।

विद्यार्थियों ने डीएनए स्ट्रक्चर एवं म्यूटेशन, फॉरेंसिक विज्ञान, मानव शरीर रचना और सर्वाइकल फ्रैक्चर जैसे जटिल वैज्ञानिक विषयों को भी सरल और प्रभावशाली मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का सबसे बड़ा आकर्षण कार्यशील 3-डी प्रिंटर का लाइव प्रदर्शन रहा। इसके अलावा कार्यशील फेरिस व्हील सहित कई इंजीनियरिंग मॉडल विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण बने।

## कर्ज माफी योजना में 1.31 लाख रुपये की हेराफेरी, बैंक के पूर्व मैनेजर और लेखाकार पर केस

मोहाली/यूटर्न/01 अगस्त। पंजाब सरकार की कर्ज माफी योजना से जुड़े एक कथित घोटाले का खुलासा हुआ है। सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की पड़ौल शाखा में खाताधारक के फर्जी हस्ताक्षर कर उसके खाते से 1.30 लाख रुपये से अधिक की राशि निकालने के आरोप में तत्कालीन शाखा प्रबंधक और लेखाकार के खिलाफ मुल्लांपुर गरीबदास थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में दोनों अधिकारियों की भूमिका सामने आने के बाद धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश समेत कई गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस को दी शिकायत में मौजूदा शाखा प्रबंधक सोमनाथ ने बताया कि गांव पड़ौल निवासी बंता राम के खाते में पंजाब सरकार की कर्ज माफी योजना-2017 के तहत 31 जनवरी 2019 को 1,30,950 रुपये जमा हुए थे। आरोप है कि 13 नवंबर 2020 को खाताधारक के कथित फर्जी हस्ताक्षर कर चेक के माध्यम से पूरी राशि निकाल ली गई। मामले का खुलासा तब हुआ जब 1 जून 2026 को पंजाब राज्य सहकारी बैंक, चंडीगढ़ की प्रारंभिक जांच में इस लेन-देन की पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि उस समय शाखा के तत्कालीन प्रबंधक परमजीत सिंह और लेखाकार सुरिंदर सिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि इस कथित हेराफेरी से सरकारी खजाने को 1,30,950 रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने चेक बुक, चेक जारी करने का रजिस्टर और अन्य बैंक रिकॉर्ड कब्जे में लेकर जांच की। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 409, 419, 420, 465, 467, 468, 471, 477-ए और 120-बी के तहत मुल्लांपुर गरीबदास थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

## प्रियंका गांधी का तीखा सवाल: क्या वे आतंकवादी थे?

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का संसद में सवाल बहुत सीधा था: 'क्या वे आतंकवादी थे?' यह सवाल पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पैलेट गन, आंसू गैस, वॉटर कैनन और लाठीचार्ज के कथित इस्तेमाल को लेकर पूछा गया था।


संदीप शर्मा, सम्पादक

लेकिन शायद इस सवाल के साथ कुछ और सवाल भी पूछे जाने चाहिए।

01. पैलेट गन के इस्तेमाल की इजाजत किसने दी?
02. अगर प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण छात्र थे, तो किस तरह के खतरे ने इतनी सख्ती को सही ठहराया?
03. अगर वे हिंसक थे, तो क्या इस बात का कोई विस्तृत सार्वजनिक ब्योरा है कि हर स्तर पर बल प्रयोग क्यों जरूरी हो गया?
04. अगर तय प्रक्रियाओं (SOP) का पालन किया गया, तो क्या उन प्रक्रियाओं पर भी सार्वजनिक रूप से बहस होनी चाहिए?
05. भारत में हर बड़ा विरोध प्रदर्शन आखिर में पुलिसिंग पर चर्चा क्यों बन जाता है, न कि उस समस्या पर जिसके कारण नागरिक सड़कों पर उतरे थे?
06. सरकारें, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल की हों, बातचीत करने से पहले दंगा-रोधी तैयारी (riot gear) का सहारा क्यों लेती हैं?
07. अगर जवाबदेही की मांग करने वाले छात्रों का सामना पैलेट गन से किया जा सकता है, तो इससे अगली पीढ़ी को लोकतांत्रिक विरोध के बारे में क्या संदेश मिलता है?
08. अगर संसद लोकतंत्र का मंदिर है, तो क्या वहां उठाए गए सवालों का जवाब तथ्यों के साथ दिया जाना चाहिए या उन्हें राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के शोर में दबा दिया जाना चाहिए?
09. सबसे अहम बात, प्रदर्शनकारियों से हमेशा जवाबदेही की उम्मीद क्यों की जाती है, जबकि बल प्रयोग का आदेश देने वालों से शायद ही कभी ऐसी मांग की जाती है?

ये मुश्किल सवाल हैं। इनके जवाब मिलने चाहिए।

सरकार का कहना है कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने तय प्रक्रियाओं का पालन किया और कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभाला। सुप्रीम कोर्ट ने भी पैलेट गन पर पूरी तरह रोक लगाने से इनकार कर दिया है, साथ ही घायल प्रदर्शनकारियों के इलाज का निर्देश दिया है।

लेकिन प्रक्रिया का पालन करना और उसे सही ठहराना, दोनों अलग-अलग बातें हैं।


यह मुद्दा किसी एक विरोध प्रदर्शन, एक सरकार या विपक्ष के किसी एक भाषण से कहीं बड़ा है। यह उस स्थिति के बारे में है जब एक लोकतांत्रिक देश यह तय करता है कि समझाने-बुझाने की कोशिशें नाकाम हो गई हैं और अब जबरदस्ती का सहारा लेना होगा।

क्योंकि हर बार जब समझाने-बुझाने की जगह पैलेट गन का इस्तेमाल होता है, तो लोकतंत्र को भी कुछ सवाल पूछने का हक होता है। और ये सवाल तीखे और कड़े होने चाहिए।

# इंटरनेशनल हेराल्ड मैगजीन के फ्रंट पेज पर छाए समाजसेवी अनिल थापर

कपिल नागपाल,
चंडीगढ़/पंचकूला/यूटर्न/01 अगस्त। जाने-माने समाजसेवी अनिल थापर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। प्रतिष्ठित इंटरनेशनल हेराल्ड मैगजीन ने उनकी तस्वीर अपने फ्रंट पेज पर प्रकाशित की है। साथ ही मैगजीन के अंदर चार पृष्ठों में उनके व्यक्तित्व, सामाजिक कार्यों और जनसेवा के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर विस्तृत लेख भी प्रकाशित किया गया है।

मैगजीन में जरूरतमंद परिवारों की सहायता, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों, युवाओं को प्रेरित करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उनके प्रयासों




का उल्लेख किया गया है। उनकी इस उपलब्धि को समाज सेवा से जुड़े लोगों ने गर्व और प्रेरणा का विषय बताया है।

अनिल थापर ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि उन सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों का है, जिन्होंने उनके सेवा कार्यों में साथ दिया। उन्होंने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि समाज से मिला प्यार, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने भविष्य में भी पूरी निष्ठा के साथ जरूरतमंदों की सहायता और जनकल्याण के कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा करने वालों को निश्चित रूप से सम्मान और पहचान मिलती है।

# 24% रिटर्न का झांसा देकर 5.93 करोड़ की ठगी का आरोप, जीरकपुर में केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/01 अगस्त। जीरकपुर में निवेश पर मोटे मुनाफे का सपना दिखाकर करोड़ों रुपये की कथित ठगी करने के मामले में पुलिस जांच के बाद बड़ा खुलासा हुआ है।

जीरकपुर पुलिस की विस्तृत जांच में प्रथम दृष्टया बड़े वित्तीय धोखाधड़ी रैकेट के संकेत मिलने के बाद थाना जीरकपुर को आरोपी भरत भूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार अलग-अलग शिकायतकर्ताओं से करीब 5 करोड़ 93 लाख रुपये निवेश के नाम पर लिए गए और बाद में राशि वापस नहीं की गई। मामले की शुरूआत विभिन्न पीड़ितों द्वारा एसएसपी मोहाली को दी गई शिकायतों से हुई थी। शिकायतकर्ताओं में जीरकपुर के व्यवसायी हर्षील अरोड़ा, चंडीगढ़ के सेवानिवृत्त अधिकारी राजेंद्र कुमार नंदल, कुरुक्षेत्र निवासी संजीव गुप्ता, जीरकपुर के प्रॉपर्टी कारोबारी रमेश कुमार तथा पानीपत निवासी नीरज कुमार शामिल हैं। सभी ने आरोप लगाया कि भरत भूषण, उसके पिता प्रेम कुमार, भाई संजीव कुमार और अन्य सहयोगियों ने संगठित तरीके से निवेश योजना चलाई और लोगों को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर करोड़ों रुपये निवेश करवाए।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।